(xiv) Need to take steps to check erosion caused by river Sharda at Kishanpur Wild life Sanctuary in Lakhimpur Khiri, Uttar Pradesh

श्री रवि प्रकाश वर्मा (खीरी) : महोदय, मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी स्थित किशनपुर वन्य प्राणा अभ्यारण जो कि विश्व धरोहर के रूप में जाना जाता है, के घटते दायरे की ओर दिलाना चाहता हूं। यह अभ्यारण सन 1972 में 227 वर्ग कि0मी0 के क्षेत्र में स्थापित किया गया था। इसमें बाघ, तेंदुआ, हिरण (Swamp deer) आदि वन्य प्राणियों को संरक्षण मिला है।

महोदय, अभ्यारण के साथ बहने वाली शारदा नदी का बहाव अभ्यारण के तटों को शनै शनै काटता जा रहा है और इसका दायरा कम होता जा रहा है, जिसके कारण इस अभ्यारण में जीवन यापन करने वाले वन्य प्राणियों की प्रजातियों को खतरा पैदा हो गया है। साथ ही यह अभ्यारण विश्व में अपनी पहचान खोता जा रहा है।

अतः मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूं कि इस अभ्यारण के तटीय कटाव को रोकने तथा अभ्यारण का विकास करने हेतु शीघ्रातिशीघ्र समुचित कदम उठायें।